प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन कल लोकसभा में पेश करेंगी वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा– विकसित भारत के संकल्प को मज़बूत करने वाला बजट लाएगी सरकार।
2. केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आजमगढ़ और जौनपुर के लिये दी फोरलेन सड़क परियोजनाओं को मंजूरी : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा– बेहतर यातायात और कनेक्टिविटी से आम जनमानस को मिलेगी राहत।
3. एटा के पटना पक्षी विहार को मिला प्रदेश के 11वें वेटलैंड का दर्जा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– नीति, संरक्षण और सुरक्षा की यात्रा का परिणाम है यह उपलब्धि।

और

4. प्रयागराज माघ मेले का पांचवा प्रमुख स्नान पर्व माघी पूर्णिमा कल होगा सम्पन्न : श्रद्धालुओं के सुगम और सुरक्षित स्नान के लिए प्रशासन ने कीं विशेष तैयारियां ।

---

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन कल लोकसभा में वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जाएगी। संसद में बजट भाषण सम्पन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। श्रीमती सीता रमन बजट के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों के महाविद्यालयों से आए तीस विद्यार्थियों से बातचीत करेंगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कल पेश होने वाला बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ाने का काम करेगा। बाइट.....

*इसका बजट प्रस्तुत होगा। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस ढंग से लगातार विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए बजट बढ़ाने का काम किया है। किसानों को, नौजवानों को, छात्रों को, महिलाओं को हर सेक्टर को तेजी के साथ आगे बढ़ाने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी कर रहे हैं और बजट में आपको परिलक्षित दिखेगा। विकसित भारत का संकल्प पूरे करने की आधारशिला आगे बढ़ाने का काम मैं कह सकता हूं। यह आगामी बजट है।*

आर्थिक जगत के विशेषज्ञों का भी मानना है कि बजट देश के विकास की गति को नए आयाम देने वाला होगा। लखनऊ विश्विद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर यशवीर त्यागी ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश की विकास दर अच्छी है।

ऐसे में बजट भी सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर पेश होने की उम्मीद है। बाइट.....

*यह बजट ऐसे समय आ रहा है जब विश्व में उथल–पुथल है और अनिश्चितता का वातावरण है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक उदाहरण पेश किया है कि वह किसी भी चुनौती का सामना करने में समर्थ तो इसको ध्यान में रखते हुए कि जो वैश्विक परिवर्तन हो रहे हैं, मुझे ऐसा आभास होता है कि बजट यह प्रयास करेगा कि हमारे जो विभिन्न क्षेत्र है, कृषि है, उद्योग है, छोटे उद्योगपति हैं, महिलाएं हैं, किसान हैं, इन सब के हितों को संरक्षित किया जा सके।*

—————————

केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आजमगढ़ और जौनपुर जिले के लिये दो महत्वपूर्ण फोरलेन सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि आजमगढ़ में पन्द्रह किलोमीटर लम्बाई वाले फोरलेन दक्षिण–पूर्व बाइपास के निर्माण के लिये एक हजार दो सौ उन्यासी करोड़ तेरह लाख रूपये लागत की स्वीकृति दी गयी है जबकि जौनपुर में 12 दशमलव दो किलोमीटर लम्बाई वाले फोरलेन वेस्टर्न बाइपास के निर्माण के लिये नौ सौ चौवालीस करोड़ उन्नीस लाख रूपये की लागत मंजूर की गयी है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय ट्रैफिक में सुधार आयेगा और कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

—————————

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लेने पहुंचे समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि 30 अप्रैल तक राम मंदिर से जुड़े सभी निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों तक मंदिर

की देखरेख के लिए निर्माण एजेंसियों की एक छोटी यूनिट मंदिर परिसर में तैनात रहेगी। श्री मिश्र ने बताया कि मंदिर निर्माण पर अब तक करीब 1900 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। बाइट.....

*लगभग भुगतान जो हुआ है वह 1600 करोड़ का हो चुका है। 1800 करोड़ से 1900 करोड़ मोटा–मोटी कुल मिलाकर के व्यय की संभावनाएं हैं। उसका ही आलेख लिया जा रहा है। इसमें टैक्स भी जुड़ा हुआ है जीएसटी का। तो इस कार्य को हम लोग प्राथमिकता पर फरवरी के बाद मार्च और अप्रैल में पूर्ण करना चाहेंगे।*

——————————

निर्वाचन आयोग न विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत आज विशेष अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में प्रदेश भर के मतदाताओं की सुविधा के लिए समस्त पोलिंग बूथों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रदर्शन किया गया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि मतदाता सूचियों को शुद्ध करने के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि जिनका नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं है, वे घोषणा–पत्र के साथ फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें या पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें।

——————————

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियो को विकसित भारत जी राम जी

अधिनियम की विशेषताओं के बारे में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता पैदा करने व प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभार्थियों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब मनरेगा के तहत नियुक्त लोकपाल को इस योजना की शिकायतों को सुनने और उनका निवारण करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आज इस श्रृंखला में प्रस्तुत है रेल मंत्रालय से संबंधित परियोजनाओं पर विशेष रिपोर्ट.....

*इस समय देश में रेलवे की 387 बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, जिन पर 12 लाख करोड रुपए से ज्यादा का निवेश किया जा रहा है। इनमें से 97 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति केमाध्यम से की है। इन परियोजनाओं में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, पहाड़ी और कठिन इलाकों में रेल नेटवर्क का विस्तार और बड़े स्टेशनों काविकास शामिल है। दुनिया की सबसे बड़ी रेल प्रणालियों में शामिल भारतीय रेलवे देशको जोड़ने व्यापार को बढ़ावा देने और दूर दराज इलाकों तक संपर्क पहुंचने मेंभूमिका निभा रहा है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

——————————

**केंद्र सरकार ने एटा जिले में स्थित पटना पक्षी विहार को प्रदेश का 11वां वेटलैंड घोषित किया है। देश भर में वेटलैंड की संख्या के हिसाब से उत्तर प्रदेश का दूसरा स्थान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दो है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि पटना बर्ड सैंक्चुअरी को रामसर स्थल के रूप में शामिल करना नीति, संरक्षण और सुरक्षा की यात्रा को दर्शाता है। पटना पक्षी विहार के साथ ही गुजरात के छारी–ढांड को भी रामसर स्थल घोषित किया गया है। प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा. अरूण सक्सेना ने बताया कि सरकार एक जिला एक वेटलैंड योजना पर काम कर रही है। इसके तहत प्रत्येक ग्राम सभा में वेटलैन्ड कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड्स दिवस पर**

बेतवा नदी के तट पर स्थित महावीर स्वामी पक्षी विहार में नेचर एण्ड बर्ड फेस्टिवल का शुभारम्भ किया जायेगा।

———————

प्रयागराज माघ मेले का पांचवा प्रमुख स्नान पर्व माघी पूर्णिमा कल सम्पन्न होगा। इस महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। इसको लेकर प्रशासन ने विशेष तैयारो की है। पेश है एक रिपोर्ट...

*संगम तट पर कल होने वाले माघी पूर्णिमा के स्नान को लेकर मेला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में लगभग साढ़े तीन किलोमीटर से अधिक लम्बाई में बने स्नान घाट पर डीप वाटर बैरिकेटिंग के साथ ही जल पुलिस और गोताखोरों की तैनाती की गई। संपूर्ण मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन के लिए ए आई बेस्ड कैमरों की मदद ली जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं को अपने वाहन को निर्धारित पार्किंग में खड़े करने का निर्देश पुलिस प्रशाशन के द्वारा दिया गया है। माघी पूर्णिमा के स्नान के बाद कल्पवासी अपना कल्पवास पूर्णकर अपने गंतव्य को रवाना होते है । इसको लेकर पुलिस के द्वारा यातायात के विशेष प्रबन्ध किए गए है। माघ मेले से वाहन के साथ बाहर जाने के लिए एकल मार्ग की व्यवस्था की गई है। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

———————

आगरा के खंदौली क्षेत्र में आज एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब आगरा–जलेसर मार्ग पर एक तेज रफ्तार कंटेनर ने दो ऑटो को टक्कर मार दी ।

———————

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के अधिकांश जनपदों में आज घना कोहरा छाया रहा। 6 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस के साथ हरदोई राज्य का सबसे ठंडा ज़िला दर्ज किया

गया। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों मं कहीं–कहीं बारिश और शीत दिवस का अनुमान जताया है।

——————————